www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 3 June 24, 2012 Shift 1 Law Question Paper**

# PAPER-III
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**J 5 8 1 2**

Time : 2 1/2 hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** "The new Constitution establishes, indeed a system of Government which is at the most quasi-federal, almost devolutionary in character, a unitary state with subsidiary federal features rather than the federal state with unitary features" said by
(A) Dr. K.C. Wheare
(B) Dr. Rajendra Prasad
(C) Dr. B.R. Ambedkar
(D) Pandit Jawaharlal Nehru

**2.** In which of the following case it was held that 'Right to Life does not include Right to Die' ?
(A) *Gian Kaur Vs. State of Punjab*
(B) *Chenna Jagdeshwar Vs. State of A.P.*
(C) *State of U.P. Vs. Sanjay Kumar Bhatia*
(D) *Deena Vs. Union Bank of India*

**3.** **Assertion (A) :** An accused person cannot be compelled to give his signature or thumb impression.
**Reason (R) :** An accused person cannot be compelled to be a witness against himself.
**Codes :**
(A) (A) is true but (R) is false.
(B) (A) is false but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are true.
(D) Both (A) and (R) are false.

**4.** After a Money Bill has been passed by the House of the People, within how many days it is transmitted to the Council of States for its recommendations ?
(A) Thirty days
(B) Twenty four days
(C) Sixty days
(D) Fourteen days

**5.** **Assertion (A) :** Directive Principles are not enforceable by any Court.
**Reason (R) :** Directive Principles are more or less fundamental in the governance of the country.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) (A) is true but (R) is false.

**6.** The Supreme Court does not have original jurisdiction regarding a dispute between
(A) a citizen and a State
(B) the Government of India and one State
(C) two States
(D) the Government of India and one State on one side and one State on the other side

**7.** In the Constitution of India, provision relating to the formation of new States can be amended by
(A) A Parliamentary resolution which should be ratified by majority of State Legislatures.
(B) A simple majority in each House of Parliament.
(C) $3/4^{th}$ majority in the Parliament
(D) $2/3^{rd}$ majority in the each House of Parliament provided they also constitute the majority of total members of each House.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – III

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** 'नूतन संविधान ने निस्संदेह शासन की व्यवस्था स्थापित की जो ज्यादा अर्द्ध – संघीय, स्वरूप में अवक्रमणीय, सहायक संघीय विशेषताओं के साथ ऐकिक राज्य के बजाय ऐकिक विशेषताओं के साथ संघीय राज्य है' यह कथन किसका है ?

(A) डा. के. सी. वीयरे
(B) डा. राजेन्द्र प्रसाद
(C) डा. बी. आर. अम्बेडकर
(D) पंडित जवाहरलाल नेहरू

**2.** निम्नलिखित में से किस मामले में यह निर्धारित किया गया कि 'जीने का अधिकार मृत्यु के अधिकार को समाविष्ट नहीं करता है' ?

(A) *ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य*
(B) *छैना जगदेश्वर बनाम आंध्र प्रदेश राज्य*
(C) *यू. पी. राज्य बनाम संजय कुमार भाटिया*
(D) *दीना बनाम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया*

**3.** **अभिकथन** (A) : अभियुक्त को अपना हस्ताक्षर करने या अंगूठे की छाप देने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता है ।

**कारण** (R) : अभियुक्त को अपने विरूद्ध गवाह (या साक्ष्य) बनने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता है ।

**कूट** :

(A) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(B) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

**4.** लोक सभा द्वारा धन विधेयक पारित किये जाने के पश्चात कितने दिनों के बाद उसे राज्य परिषदों में उसकी सिफारिशों के लिये भेजा जाता है ?

(A) तीस दिन
(B) चौबीस दिन
(C) साठ दिन
(D) चौदह दिन

**5.** **अभिकथन** (A) : निदेशक सिद्धान्त किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं होते हैं ।

**कारण** (R) : निदेशक सिद्धान्त देश के शासन में लगभग मूलभूत हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

**6.** सर्वोच्च न्यायालय को निम्नलिखित के बीच विवाद के सम्बन्ध में मूल क्षेत्राधिकार नहीं होता है :

(A) नागरिक और राज्य
(B) भारत की सरकार और एक राज्य
(C) दो राज्य
(D) भारत की सरकार और एक तरफ एक राज्य और दूसरी तरफ एक राज्य

**7.** भारत के संविधान में, नये राज्यों के गठन से सम्बन्धित प्रावधान को किसके द्वारा संशोधित किया जा सकता है ?

(A) संसदीय प्रस्ताव जो कि अधिकांश राज्य विधान मंडलों द्वारा अनुसमर्थन किया जाना चाहिये ।
(B) संसद के प्रत्येक सदन में साधारण बहुमत से
(C) संसद में 3/4 बहुमत से
(D) संसद के प्रत्येक सदन में 2/3 बहुमत से बशर्ते कि वे भी प्रत्येक सदन के कुल सदस्यों के बहुमत में हैं ।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

8. Holding of periodic, free and fair elections by the Election Commission is part of the basic structure of the Constitution as per the following :

(A) *Election Commission of India Vs. AIADMK*

(B) *S.S. Dhanoa Vs. Union of India*

(C) *In Gujarat Assembly Election matter*

(D) *Sadiq Ali Vs. Election Commission of India*

9. Writ of *Mandamus* cannot be issued, where a fundamental right is infringed by

(A) A Statute

(B) A Statutory Order

(C) An Executive Order

(D) Private Body

10. **Assertion (A) :** The principles of natural justice ensures fair hearing.

**Reason (R)** : It requires unbiased judge to decide after hearing all parties.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is good explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not a good explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

11. Prerogative writs to review an administrative action are :

(A) Two : Writ of Habeas Corpus and Writ of Mandamus.

(B) Three : Writ of Habeas Corpus and Writ of Mandamus and Writ of Prohibition.

(C) Four : Writ of Habeas Corpus and Writ of Mandamus and Writ of Prohibition and Writ of Certiorari and Writ of Quo Warranto.

(D) Five : Writ of Habeas Corpus, Writ of Mandamus, Writ of Quo warranto, Writ of Certiorari and Writ of Prohibition.

12. A mandatory procedural requirement for an administrative tribunal must be

(A) Legal representation

(B) Cross examination

(C) Reasoned decision

(D) All of the above

13. Judicial review of an administrative action means

(A) Review by the Parliament

(B) Review by the Government

(C) Review by the Legislative Assembly

(D) Review by the Judiciary

**8.** चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर स्वतन्त्र एवं न्यायसंगत चुनाव कराना निम्नलिखित में से किसके अनुसार संविधान की मूलभूत संरचना का भाग है ?

(A) *भारतीय चुनाव आयोग बनाम AIADMK*

(B) *एस. एस. धनोआ बनाम भारत संघ*

(C) *गुजरात विधानसभा चुनाव विषय में*

(D) *सादिक अली बनाम भारतीय चुनाव आयोग*

**9.** परमादेश का रिट वहाँ नहीं जारी किया जा सकता है जहाँ मौलिक अधिकार निम्नलिखित के द्वारा भंग होता है :

(A) संविधि

(B) सांविधिक आदेश

(C) कार्यकारी आदेश

(D) प्राइवेट संस्थान

**10.** **अभिकथन** (A) : नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त न्यायसंगत सुनवाई सुनिश्चित करते हैं ।

**कारण** (R) : सभी पक्षों की सुनवाई के पश्चात् फैसला निष्पक्ष न्यायाधीश ही करेगा ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**11.** प्रशासनिक कार्यवाही का पुनरावलोकन करने के लिये परमाधिकार रिट हैं :

(A) दो : बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट और परमादेश रिट

(B) तीन : बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट, परमादेश रिट और प्रतिषेध रिट

(C) चार : बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट, परमादेश रिट, प्रतिषेध रिट, उत्पेषण रिट और अधिकार-पृच्छा रिट

(D) पाँच : बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट, परमादेश रिट, अधिकार-पृच्छा रिट, उत्प्रेषण रिट तथा प्रतिषेध रिट

**12.** प्रशासनिक न्यायाधिकरणों के लिये आदेशात्मक (या अनिवार्य) प्रक्रिया सम्बन्धी अपेक्षा होनी चाहिए :

(A) कानूनी प्रतिनिधित्व

(B) प्रति-परीक्षा

(C) युक्ति युक्त निर्णय

(D) उपर्युक्त सभी

**13.** प्रशासनिक कार्रवाई के न्यायिक पुनरावलोकन का अर्थ है :

(A) संसद द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई का पुनरावलोकन

(B) सरकार द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई का पुनरावलोकन

(C) विधान सभा द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई का पुनरावलोकन

(D) न्यायपालिका द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई का पुनरावलोकन

**14.** Match an item in List – I with correct answer in List – II.

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| Institution of Lokpal and Lokayukta | (A) Law should be able to control the numerous wide discretionary powers |
| | (B) Ensure fair hearing |
| | (C) Evaporate maladministration and corruption to bring good governance |
| | (D) Check and control abuse of power and executive excesses |

**15.** Find correct answer :

(A) Administrative law is a branch of public law and is only a part of Constitutional law. It cannot control the Constitutional law.

(B) Administrative law is a branch of private law.

(C) Administrative law is independent to Constitutional law.

(D) Administrative law is neither the branch of public law nor of private law, but a part of Constitutional law.

**16.** Bentham's definition of law is imperative in nature because

(A) law is an assembling of signs.

(B) law is declaration of volition conceived or adopted by sovereign in a State.

(C) because it is adopted by non-sovereign State.

(D) (A) & (B) both

**17.** The term 'Legal theory' has been first time used by

(A) Llewlyne

(B) Ihring

(C) Salmond

(D) W. Friedman

**18.** Bracket theory of corporate personality is also known as

(A) Concession theory

(B) Symbolist theory

(C) Fiction theory

(D) Will theory

**19.** 'A' says to 'B' that he will give a sum of rupees five thousand if 'B' marries his daughter, this is

(A) Vested Right

(B) Contingent Right

(C) Primary Right

(D) Secondary Right

**20.** **Assertion (A) :** Kelsen follows Kant in distinguishing between 'is' and 'ought'.

**Reason (R) :** Kelsen is a forerunner of philosophical school.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not a correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**21.** The possession is the

(A) five point in ownership

(B) seven point in ownership

(C) nine point in ownership

(D) ten point in ownership

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** सूची-I को सूची-II में दी मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| लोकपाल तथा लोकायुक्त का संस्थान | (A) कानून को कई व्यापक विवेकिक शक्तियों को नियन्त्रित करने में सक्षम होना चाहिये । |
| | (B) न्याय संगत सुनवाई सुनिश्चित करे |
| | (C) अच्छा शासन बहाल करने के लिये कुप्रशासन तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करना |
| | (D) सत्ता के दुरुपयोग तथा कार्यकारी आधिक्य (या ज्यादितियों) को रोकना एवं नियन्त्रित करना |

**15.** सही उत्तर ज्ञात चुनिये :

(A) प्रशासनिक विधि लोक विधि की शाखा है और यह संवैधानिक विधि का केवल अंश है । यह संवैधानिक विधि को नियन्त्रित नहीं कर सकता है ।

(B) प्रशासनिक विधि निजी विधि की शाखा है ।

(C) प्रशासनिक विधि संवैधानिक विधि से स्वतन्त्र है ।

(D) प्रशासनिक विधि न तो लोक विधि की और न ही निजी विधि की शाखा है परन्तु संवैधानिक विधि का अंश है ।

**16.** बेन्थम द्वारा परिभाषित विधि की परिभाषा की प्रकृति आदेशक है क्योंकि

(A) विधि एक चिन्हों का समिश्रण है ।

(B) विधि एक सम्प्रभु द्वारा राज्य में अंगीकारित अथवा विचारित सांकल्पिकता की घोषणा है ।

(C) क्योंकि इसे अ-सम्प्रभु राज्य द्वारा अंगीकार कर लिया गया है ।

(D) (A) और (B) दोनों

**17.** पद 'विधिक सिद्धान्त' सर्वप्रथम किसके द्वारा उपयोग में लाया गया ?

(A) लेवलिन

(B) इहरिंग

(C) सॉमण्ड

(D) डब्ल्यू. फ्रीडमेन

**18.** निगमित व्यक्तित्व के ब्रेकेट सिद्धान्त को किस नाम से भी जाना जाता है ?

(A) छूट का सिद्धान्त

(B) प्रतीकात्मकता का सिद्धान्त

(C) कल्पना का सिद्धान्त

(D) इच्छा का सिद्धान्त

**19.** 'अ', 'ब' से कहता है कि अगर वह उसकी पुत्री से विवाह करता है तो वह उसे पाँच हजार रुपये देगा, यह है :

(A) निहित अधिकार

(B) समाश्रित अधिकार

(C) प्राथमिक अधिकार

(D) द्वितीयक अधिकार

**20.** **अभिकथन** (A) : केलसन कान्त को अनुसरण करता है जिसमें 'है' (is) को 'चाहिये' (ought) से विभेद किया गया है ।

**कारण** (R) : केलसन दर्शनशास्त्रीय स्कूल का अगदूत है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सही है ।

**21.** कब्जा (आधिपत्य) है :

(A) आधिपत्य में पाँच बिन्दु

(B) आधिपत्य में सात बिन्दु

(C) आधिपत्य में नौ बिन्दु

(D) आधिपत्य में दस बिन्दु

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**22.** Which of the following duties have been included by Austin in the category of 'absolute duties' ?

I. Duties owed to persons indefinitely
II. Self regarding duties
III. Duties owed to the sovereign
IV. Duties owed to the parents

Select the correct answer using the codes

**Codes :**

(A) I, III and IV (B) II, III and IV
(C) I, II and IV (D) I, II and III

**23.** Which one of the following get along correctly ?

(A) Trust and co-ownership
(B) Legal and contingent ownership
(C) Sole and limited ownership
(D) Legal and equitable ownership

**24.** A person who causes bodily injury to another who is labouring under a disorder, disease or bodily infirmity and thereby accelerates the death of the person. Under which it shall be deemed to have caused his death ?

(A) Explanation I to Section 299
(B) Explanation I to Section 300
(C) Explanation II to Section 299
(D) Explanation II to Section 300

**25.** In which provision of Indian Penal Code the definition of 'valuable security' is explained ?

(A) Section 29 (B) Section 30
(C) Section 31 (D) Section 13

**26.** State the age limit prescribed under Section 82 of Indian Penal Code in which if a child commits an overt act is not considered as an offence ?

(A) Under the age of 12 years.
(B) Under the age of 7 years.
(C) Under the age of 16 years.
(D) Under the age of 18 years.

**27.** When the injury is intentional and sufficient to cause death in the ordinary course of nature and death follows. The offence is of the category :

(A) Attempt to murder
(B) Culpable homicide not amounting to murder
(C) Murder
(D) Attempt to suicide

**28.** **Principle :** Theft + Violence or Threat to violence = Robbery.

**Facts :** M meets B and her child on a river bridge. M takes the child and threatens to fling it down to the river unless B delivers her purse. B in consequence delivers her purse.

What offence 'M' has committed ?

(A) M is liable for theft.
(B) M is liable for coercion.
(C) M is liable for robbery.
(D) M is liable for extortion.

**29.** Fill in the gap :

A disability for _________ days constitutes grievous hurt.

(A) A week
(B) A fortnight
(C) A month
(D) A minimum of twenty days

**30.** Fill in the gap with appropriate word :

Wrongful restraint means keeping a person from out of his _________ of his residence.

(A) House
(B) Place
(C) Hotel
(D) Guest House

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** निम्न में से कौन से कर्तव्यों को ऑस्टिन ने निरपेक्ष कर्तव्यो में सम्मिलित किया है :

I. अनिश्चितकालीन समय के लिये व्यक्तियों की तरफ कर्तव्य

II. स्वयं के प्रति कर्तव्य

III. सम्प्रभु के प्रति कर्तव्य

IV. अभिभावकों के प्रति कर्तव्य

कूटों का इस्तमाल करते हुए उचित उत्तर चुनिये :

**कूट** :

(A) I, III और IV

(B) II, III और IV

(C) I, II और IV

(D) I, II और III

**23.** निम्न में से कौन सही रूप से साथ-साथ चलते हैं ?

(A) न्यास और सह-स्वामित्व

(B) विधिक और समाश्रित स्वामित्व

(C) एकमात्र और परिसीमित स्वामित्व

(D) विधिक और साम्यापूर्ण स्वामित्व

**24.** एक व्यक्ति जो दूसरे व्यक्ति की अव्यवस्था, बिमारी या शारीरिक दुर्बलता की स्थिति में श्रम करता है, को क्षति पहुँचाता है और इस तरह से उसकी मृत्यु शीघ्र कर देता है ।

यह उसके किसके अंतर्गत मृत्यु कारित करने वाला माना जायेगा ?

(A) धारा 299 का स्पष्टीकरण 1

(B) धारा 300 का स्पष्टीकरण 1

(C) धारा 299 का स्पष्टीकरण 2

(D) धारा 300 का स्पष्टीकरण 2

**25.** भारतीय दंड संहिता के किस प्रावधान के अंतर्गत 'मूल्यवान प्रतिभूति' की व्याख्या की गई है ?

(A) धारा 29 (B) धारा 30

(C) धारा 31 (D) धारा 13

**26.** भारतीय दंड संहिता की धारा 82 के अंतर्गत क्या आयु सीमा निर्धारित की गई है जिसमें बच्चा यदि खुल्लम खुल्ला कृत्य करता है तो उसे वह अपराध नहीं समझा जाता है ?

(A) 12 वर्ष से कम की आयु

(B) 7 वर्ष से कम की आयु

(C) 16 वर्ष से कम की आयु

(D) 18 वर्ष से कम की आयु

**27.** जब क्षति/चोट सउद्देश्य होती है और साधारण स्थितियों में मृत्यु कारित करने के लिये काफी होती है और मृत्यु हो जाती है । तो अपराध किस वर्ग का है ?

(A) हत्या का प्रयास

(B) आपराधिक मानववध परन्तु हत्या नहीं

(C) हत्या

(D) आत्महत्या का प्रयास

**28.** **सिद्धान्त** : चोरी + हिंसा या हिंसा की धमकी = लूट

**तथ्य** : M, B और उसके बच्चे को नदी के पुल पर मिलता है । M बच्चे को उठा लेता है और उसे नीचे नदी में पटक देने की धमकी देता है जब तक कि वह उसे अपना पर्स नहीं दे देती । फलस्वरूप B पर्स उसे थमा देती है ।

M ने क्या अपराध किया ?

(A) M चोरी के लिये जिम्मेदार है ।

(B) M प्रपीड़न के लिये जिम्मेदार है ।

(C) M लूट के लिये जिम्मेदार है ।

(D) M उद्दापन के लिये जिम्मेदार है ।

**29.** रिक्त स्थान भरिये :

दिनों के लिये अक्षमता घोर उपहति होती है :

(A) एक हफ्ता

(B) पन्द्रह दिन/पाक्षिक

(C) एक माह

(D) कम से कम बीस दिन

**30.** उचित शब्द से रिक्त स्थान भरें :

सदोष अवरोधक का अर्थ व्यक्ति को अपने आवास स्थान के ______ के बाहर रखना है ।

(A) घर

(B) स्थान

(C) होटल

(D) गेस्ट हाऊस

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** Fill in the gap which is more appropriate.

Inducing a girl under 18 years of age to go away with him from _________ is an offence of

(A) Normal home
(B) Place of work
(C) Domestic area
(D) Any place

**32.** Find the correct answer :

The principle of intergenerational equity envisages :

(A) Conservation of options
(B) Conservation of quality
(C) Conservation of access
(D) All the above

**33.** Find the correct answer :

The Supreme Court allowed compensation of ₹ 23.84 lakhs and later allowed additional compensation of ₹ 47 lakhs to the farmers whose crops got damaged, being irrigated by subsoil water drawn from a stream which was polluted from untreated effluents of 22 industries. It was decided in the case of

(A) *Vellore Citizens Welfare Forum vs. Union of India*
(B) *Indian Council For Environment Action vs. Union of India*
(C) *S. Jagannath vs. Union of India*
(D) *Narmada Bachao Andolan vs. Union of India*

**34.** The concept of sustainable development contains which of the following essentials ?

(A) The precautionary principle
(B) The polluter pays principle
(C) The doctrine of public trust
(D) All above

**35.** **Assertion (A)** : The Supreme Court in *Banwasi Seva Ashram vs. State of Uttar Pradesh*, permitted the government agency to acquire the forest land, ousting certain tribal dwellers to implement a power project only after they agreed to provide certain facilities approved by the Court.

**Reason (R)** : Because the governmental action had an environmental impact that threatened to dislocate poor forest dwellers and disrupt their life-style infringing their fundamental right to life, which include the right to livelihood.

**Codes :**

(A) (A) is true and (R) is false.
(B) (A) and (R) both are true, but (R) is not a correct explanation of (A).
(C) (A) is false and (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are true and (R) is good explanation of (A).

**36.** The Supreme Court observed that noise pollution cannot be tolerated, even if such noise was a direct result of and was connected with religious activities in the case of

(A) *A.P. Pollution Control Board vs. Prof M.V. Naidu*
(B) *Church of God (Full Gospel) in India vs. KKR Majestic Colony Welfare Association.*
(C) *K.M. Chinappa vs. Union of India*
(D) *Narmada Bachao Andolan vs. Union of India*

**31.** रिक्त स्थान को भरें :
18 वर्ष से कम आयु की लड़की को ______ से उसके साथ जाने के लिये प्रलोभित करना अपराध है ।
(A) साधारण घर
(B) कार्यस्थल
(C) घरेलू क्षेत्र
(D) कोई भी स्थान

**32.** सही उत्तर ज्ञात करें ।
अंत: पीढ़ीय साम्यता का सिद्धान्त निम्नलिखित पर विचार करता है :
(A) विकल्पों का संरक्षण
(B) गुणवत्ता का संरक्षण
(C) अभिगम्यता का संरक्षण
(D) उपर्युक्त सभी

**33.** सही उत्तर चुनिये :
सर्वोच्च न्यायालय ने 23.84 लाख ₹ के मुआवजे की अनुमति दी और बाद में किसानों को 47 लाख ₹ के अतिरिक्त मुआवजा देने की अनुमति दी क्योंकि उनकी फसल, नदी के अवमृदा जल जो 22 उद्योगों के असांधित निस्सारियों से प्रदूषित हो चुका है से सिंचित होने के कारण नष्ट हो गई है । यह किस मामले में निर्णय किया गया था ?
(A) *वैल्लोर नागरिक कल्याण फोरम बनाम यूनियन ऑफ इंडिया*
(B) *इंडियन काउंसिल फॉर एनवायरनमेंट ऐक्शन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया*
(C) *एस. जगननाथ बनाम यूनियन ऑफ इंडिया*
(D) *नर्मदा बचाओ आन्दोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया*

**34.** धारणीय विकास की अवधारणा में निम्नलिखित में से कौन से अनिवार्य तत्त्व समाविष्ट हैं ?
(A) एहतियाती सिद्धान्त
(B) पॉल्यूटर पेय प्रिंसीपल
(C) लोक विश्वास का सिद्धान्त
(D) उपर्युक्त सभी

**35.** **अभिकथन** (A) : बनवासी सेवा आश्रम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी एजेन्सी को वनभूमि अर्जित करने की अनुमति दे दी, वहाँ रहने वाले जनजाति निवासियों को हटा कर उर्जा संयंत्र चलाना है । परंतु यह तभी जब कि न्यायालय द्वारा मंजूर कुछ सुविधाओं को प्रदान करना स्वीकार हो ।

**कारण** (R) : क्योंकि सरकारी कार्रवाई का पर्यावरणीय प्रभाव होता है जो गरीब वनवासियों को उखाड़ने की धमकी देता है और उनके जीने के अधिकार तथा जीवनयापन अधिकार का उल्लंघन करता है और उनकी जीवन शैली को अव्यवस्थित कर देता है ।

**कूट** :
(A) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की ठीक व्याख्या है ।

**36.** किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि ध्वनि प्रदूषण बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है चाहे ऐसी ध्वनियाँ (शोर) धार्मिक गतिविधियों के साथ सम्बन्धित हैं या उनका प्रत्यक्ष परिणाम है :
(A) *ए. पी. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड बनाम प्रो. एम.वी.नायडू*
(B) *भारत में चर्च ऑफ गॉड (फुल गॉस्पल) बनाम के. के. आर. मेजस्टिक कोलोनी कल्याण संघ*
(C) *के. एम. चिनप्पा बनाम भारत संघ*
(D) *नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम भारत संघ*

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** **Assertion (A) :** Nobody can claim a fundamental right to create noise pollution by amplifying the sound of his speech with the help of loudspeaker.

**Reason (R)** : While one has a right to speech, others have a right to listen or decline to listen. Anyone who wishes to live in peace, comfort and quiet within his house has a fundamental right to prevent the noise as pollutantion reaching him.

**Codes :**

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation.

(D) Both (A) and (R) are true and (R) is good explanation of (A)

**38.** In which of the following cases it was held that there is no reason to compel non-smokers to be helpless victims of air pollution ?

(A) *Samantha vs. State of A.P.*

(B) *M.C. Mehta vs. Union of India*

(C) *Murli Deora vs. Union of India*

(D) *Sheela Barse vs. Union of India*

**39.** Protection and improvement of environment and safeguarding forests and wildlife is

(A) A fundamental right

(B) One of the Directive Principles of State Policy.

(C) One of the Fundamental Duties

(D) Both one of the Directive Principles of State Policy and one of the Fundamental Duties

**40.** Who stated that international law is not true law but 'positive international morality' only, analogous to the rules binding a club or society ?

(A) Oscar Schachter

(B) John Austin

(C) Louis Flenkin

(D) Hans Kelson

**41.** *Opino juris sive necessitatis means*

(A) Opinions of jurists is necessary evidence for determining rules of international custom

(B) Opinions of jurists is not necessary for ascertaining the rules of international law

(C) The feeling on the part of States that in acting as they do they are fulfilling a legal obligation

(D) None of the above

